# मोहरी की गौशाला में चारे और इलाज के अभाव में तीन गायों की मौत

## क्षमता से अधिक भरा जा रहा गौवंश दुर्दशा का हो रहा शिकार, बार-बार बुलाने पर नहीं आते चिकित्सक, गौसेवक कर रहे उपचार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में गौवंशों के लिए बनी गौशालाएं बारिश के मौसम में उनकी कब्र गाह बनती जा रहीं है, पिछले दो दिनों में एक गौशाला में तीन गायों की मौत हो गई, तो वहीं कई मवेशी मृत्यु की कगार पर पहुंच चुके हैं। यह स्थिति तब है जब यह गौशाला शहर से सटी हुई, जहां सौ गायों की रखने की क्षमता वाली गौशाला में दोगुने से ज्यादा मवेशी भर दिए गए है। जिसके कारण न तो इनकी ठीक से देखरेख हो पा रहीं है और न ही इन्हें इलाज मिल पा रहा है,जिसके कारण यह दम तोड़ती जा रहीं है। तो वहीं कई गौशालाएं खाली पड़ी है, जिन्हें भरने की जहमत जिम्मेदारों द्वारा नहीं उठाई जा रही है। है।

दरअसल जिलामुख्यालय से लगी हुई ग्राम पंचायत मोहरीराय के तमाईया पर शिव शक्ति गौशाला है,जहां पर प्रशासन द्वारा गौवंश को रखने की व्यवस्था की गई है। लेकिन इस गौशाला में सौ गायों की क्षमता है, जिसमें क्षमता से अधिक गौवंश भरे जाने के कारण वहां मौजूद पशुओं की चारे की व्यवस्था नहीं हो पा रहीं है, तो वहीं परिसर में जगह न होने की बजह से कई गायों को खुले मैदान में



ही रखा जा रहा है। जहां लगातार बारिश, भूख की तड़प और इलाज के अभाव में लगातार दम तोड़ रहीं है। यहा गौर करने वाली बात ये है कि सरकार भले ही गोवंश की सुरक्षा और उनकी देखरेख के लिए हर महीने लाखों रुपए खर्च करती है लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से सरकार के मंसूबे पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

**अवशेष बता रहे गायों की दुर्दशा :**
जिले की गौशालाओं में गौवंश दुर्दशा का शिकार हो रहा है। ऐसी दुर्दशा की हकीकत बयां कर रहीं है जिले से सटी हुई ग्राम पंचायत मोहरीराय की गौशाला है, जहां पर मवेशियों को ठहराने की जगह न होने के कारण उन्हें खुले आसमान के नीचे ही ठहराया जा रहा है। तो वहीं फैसिंग और कीचढ़ होने की बजह से एक जगह वह वहीं घुट-घुट कर मरने को मजबूर है। इस गौशाला में इन गोवंशों का क्या हाल है इसका अंदाजा वहां मौजूद उनके इधर-उधर पड़े अवशेषों से ही लगाया जा सकता है। ऐसे ही अवशेषो और गौवंश की दुर्दशा की जानकारी नवभारत को लगी तो वह बारिश में ही गौशाला पर पहुंचा और गायों स्थिति को देखा तो स्थिति काफी दयनीय थी। वहीं इस दुर्दशा की जानकारी सबंधितों को लगी तो वह भी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद जिम्मेदार हरकत में आए और बीमार गौवंश के उपचार का इंतजाम करते हुए देखे गए। ऐसा नहीं है कि यह हाल सिर्फ मोहरीराय स्थित तमोइया पर बनी गौशाला का है बल्कि जिले में संचालित ज्यादातर गौशालाओं की स्थिति इसी तरह बदहाल है।

### क्षमता से अधिक गौवंश होने की वजह से ठीक से नहीं हो पा रहा संचालन



तमोइया स्थित शिव शक्ति गौशाला में सौ गाय रखने की क्षमता है, लेकिन शहर से सटे हुए होने के कारण इसमें दो सैंकड़ा से अधिक गौवंश भर हुअ ा है। जिसके कारण गौशाला के संचालन की स्थिति बिगड़ती जा रहीं है। गौशाला की बदहाल स्थित और गौवंश की मृत्यु के सवाल पर सरपंच दिलीप धाकड़ ने बताया कि शहर लगी होने के कारण आसपास के ग्रामीण सहित बाजार के लोग गायों को जबरजस्ती कर यहा छोड़ जाते है, गौशाला में गायों की रखने की क्षमता सौ है, जबकि इसमें दो सैंकड़ा से अधिक गायों है, अंदर बरामदे में जितनी बनती है, उन्हें रखा जाता है,वहीं कुछ बाहर परिसर में छोड़ दिया जाता है और समय समय पर इनको अंदर बाहर करते रहते है, लेकिन अधिक गाय हो जाने के कारण हालत संभाल नहीं रहे है।

**समय पर नहीं मिल रहा इलाज :**
गौशाला में मिले सेवादार ने बताया कि गौशाला में काफी मवेशी बारिश के कारण बीमार हो गए है, जिनका उपचार नहीं हो पा रहा है। वहीं उन्होंनें बताया कि डॉक्टर से लगातार संपर्क किया गया, लेकिन एक माह बीतने के बाद भी वह नहीं आए। वहीं जब नवभारत गौशाला में पहुंचा तो सबंधित चिकित्सक द्वारा एक गौसेवक को वैक्सीनेशन करने के लिए गौशाला में भेजा गया, जहां उसके द्वारा गौवंश को वैक्सीन और बीमार गायों का इलाज किया गया।

***इनका कहना है।***

*एक डॉक्टर है, जिन पर 20 से 25 गौशालाएं है, गौसेवक को भेजा गया है, जो उपचार करेगा, यदि उससे नहीं होगा, तो वह डॉक्टर से संपर्क करेगा और उसका इलाज करेगा, आज छुट्टी पर होंगे, लेकिन पहले तो नहीं थे। डॉक्टर एक माह में क्यों नहीं पहुंचे है, इसको दिखवाते है।*

***डॉ. मनीष व्यास, उपसंचालक पशु चिकित्सालय अशोकनगर।***

### आर्थिक सहायता कराई उपलब्ध

**अशोकनगर।** तहसील ईसागढ़ के ग्राम छिकरी में वर्षा के कारण हरि बाई प्रजापति पत्नी हरवीर प्रजापति का कच्चा मकान गंभीर क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसमें 2 कमरे गिर गए थे। कमरे गिरने से हरीबाई घायल हो गई थी। इस संबंध में तहसीलदार रोहित रघुवंशी ने बताया कि हरिबाई का इलाज शासकीय चिकित्सालय ईसागढ़ एवं सुखपुर अस्पताल में कराया गया। पीड़ित परिवार को आरबीसी 6—4 के प्रावधान अंतर्गत सहायता उपलब्ध कराई गई। साथ ही वैकल्पिक आवास की व्यवस्था भी की गई है।

### स्कूल पर कार्यवाही की मांग

**अशोकनगर।** वर्धमान कॉन्वेंट स्कूल में एक शिक्षक ने कक्षा 12वीं के छात्र से मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया था, जिसके विरोध में दिगंबर जैन पंचायत ने कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। जिसमें बताया गया कि 22 जुलाई को शिक्षक गोविंद श्रीवास्तव ने बच्चे को लोहे के डंडे से बेरहमी से पीटा। जिससे वह घायल हो गया। इस मामलो लेकर अब स्कूल पर कार्यवाहीं की मांग की गई है।

## एक नजर में

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि बढ़ी

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2025 मौसम का बीमांकन बैंकों द्वारा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर किया जा रहा है। खरीफ 2025 मौसम में बैंकों द्वारा कृषकों का प्रीमियम नाम करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी। शासन द्वारा कृषकों का प्रीमियम नाम करने की अंतिम तिथि 10 दिवस आगे बढाई गई है।

### युवा जैन मिलन का गठन, दिलाई शपथ

**अशोकनगर।** शनिवार को जैन भवन में युवा जैन मिलन की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में नई शाखा युवा जैन मिलन का गठन किया गया। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि नई शाखा युवा जैन मिलन का गठन किया जाकर सत्र 2025-26 के लिए नव नियुक्त कार्यकारिणी में अंकुर जैन अमरोद अध्यक्ष, विकास जैन खजूरिया उपाध्यक्ष, आर्यन जैन मंत्री ,पीयूष जैन कोषाध्यक्ष, पारस जैन खजुरिया मीडिया प्रभारी सहित सदस्यों को राष्ट्रीय मंत्री नरेश चंद जैन ने शपथ दिलाई।

### सुरक्षा गार्डो में मारपीट

**अशोकनगर।** ईसागढ़ रोड़ स्थित महात्मा बाडे के पास दो सुरक्षा गार्डो में आपस में मारपीट हो गई। जिसे अन्य सुरक्षा गार्डो द्वारा बचाया गया। दरअसल दोनो सुरक्षा गार्ड शराब के पैसों के लिए झगड़ा कर रहे थे।

# पुलिस के अभियान से प्रेरित होकर दो नशा छोड़ने तैयार

## सिटी कोतवाली पुलिस ने दो युवाओं को फूलमाला डालकर ससम्मान भेजा नशामुक्ति केंद्र

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन द्वारा जिले नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते विगत दिनों आयोजित कार्यक्रम में गंभीर रुप से नशे के शिकार पीडितो को नशे के चंगुल से छुडाने के लिए मनोरोग विशेषज्ञ डाक्टर श्री राम गुर्जर से काउंसलिंग कराई गई थी व इलाज कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया था। इसी क्रम में शनिवार को नशे के शिकार राजकुमार अहिरवार और शिवनंदन अहिरवार पुलिस से प्रभावित होकर स्वेच्छा से नशा मुक्ति केंद्र जाने हेतु थाना कोतवाली पर उपस्थित हुए, इस सबंध मे उप पुलिस महानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। जहां उनके निर्देशन में उक्त दोनों पीडितों को समाज की मुख्य धारा मे जोडने व नशे की लत को छुडवाने हेतु थाना प्रभारी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चौहान, उप निरीक्षक अक्षय कुशवाह, अजीम अंसारी द्वारा थाना परिसर कोतवाली में पुष्पगुच्छ एवं पुष्पमाला देकर प्रोत्साहित कर ससम्मान शासकीय वाहन से नशामुक्ति केंद्र पुनर्वास केंद्र गुना दाखिल कराया गया।





**आमजन व व्यापारियों को किया नशे के प्रति जागरूक :**
उप पुलिस महानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देशन में नशे दूरी है जरूरी के तहत अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में देहात पुलिस द्वारा बस स्टेण्ड पर आमजन और व्यापारियों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए जागरूक किया। साथ ही लोगो को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर नशा मुक्त समाज निर्माण में सहयोग करने की शपथ दिलाई गई। आमजन व व्यापारी वर्ग के लोगों के हस्ताक्षर कराकर नशा न करने व नशा करने वालो को चिंहित कर जानकारी देने के संबंध में जानकारी दी। एवं उनके क्षेत्र मे नशा से पीडितो की जानकारी देने हेतु संपर्क सूत्रो को साझा किया गया। इस दौरान एसडीओपी विवेक शर्मा, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रत्ताप सिंह चौहान व यातायात थाना प्रभारी स्नेहा ठाकुर, एवं थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा सहित व्यापारी मौजूद थे।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को दिलाई जागरुकता की शपथ

**मुंगावली।** नशे से है दूरी जरूरी अभियान के तहत शनिवार को नगर के रामलीला मंच पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में किराना, अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ के सदस्य सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। इस दौरान थाना प्रभारी जोगिंदर सिंह यादव ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति, परिवार और समाज सभी के लिए विनाशकारी है। वहीं अनाज तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सराफ ने उपस्थित लोगों से नशामुक्त समाज बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। अंत में थाना प्रभारी द्वारा सभी उपस्थित



लोगों को नशे से दूरी बनाए रखने एवं नशामुक्त समाज बनाने के लिए शपथ दिलाई गई।



# नवांकुर सखियों ने निकाली हरियाली यात्रा, दिया संदेश

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा हरियाली अमावस्या से पांच दिवसीय नवाकुर सखी हरियाली कलश यात्रा निकाली जा रही है इसी क्रम में विकासखंड चंदेरी के सेक्टर क्रमांक 3 ग्राम पंचायत थूवोन में नवांकुर संस्था अवार्ड एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति थूवोन के संयुक्त तत्वाधान में पंचायत भवन में नवांकुर सखियों ने हरियाली यात्रा का शुभारंभ किया गया । सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया गया इसके पश्चात अतिथियों का समिति के पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि श्याम सिंह लोधी ग्राम पंचायत मीना आदिवासी अध्यक्ष एकता परिषद सचिव भगवत सिंह बुंदेला प्राचार्य संदीपन शासकीय के प्राचार्य बृजेश यादव उपस्थित हुए ।

सर्वप्रथमब्लॉक समन्वयक दीपक पटेरिया के द्वारा बताया कि यात्रा का उद्देश्य मातृशक्ति के माध्यम से स्वप्रेरणा के आधार पर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान सुनिश्चित करना है। प्रत्येक ब्लॉक में 500 नवाकुर सखी बनाई गई है प्रत्येक सखी को 11 पॉलिथीन एवं 11 बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। इस यात्रा में पर्यावरण संरक्षण एवं परिवार संस्कार का भाव सभी में जागृत करना है।

# कांग्रेस ने की बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण खरीफ सीजन की सोयाबीन और मक्का की फसलें खराब हो रही हैं। जिसे लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिसमें बारिश से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। इस दौरान पार्टी ने बताया कि जिले में सोयाबीन और मक्का की फसलें लगभग पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का जल्द से जल्द सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही बताया कि पिछले एक साल से जिले में खाद की किल्लत बनी हुई है। वर्तमान में भी खाद और यूरिया की उपलब्धता नहीं होने के कारण किसान परेशान हैं। पार्टी ने किसानों को पिछली फसल बीमा की राशि अब तक न मिलने की भी शिकायत की है। किसानों को उनकी बीमा राशि जल्द से जल्द देने की मांग की गई है। वहीं आवारा पशु खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर देते हैं, जिससे किसान उन्हें सड़कों पर भगा देते हैं। इससे कई दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें लोगों की जान भी चली जाती है। पार्टी ने आवारा पशुओं के लिए अभयारण्य बनाने की मांग की है।

## लोकसेवा केन्द्र ईसागढ़ में कार्यरत ऑपरेटर पर हुई एफआईआर दर्ज

**अशोकनगर।** लोक सेवा केन्द्रों की सतत निगरानी एवं आमजन को लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 अनुसार अधिसूचित सेवाओं के लाभ एवं शासन की मनसा अनुसार सुविधा प्रदान करने हेतु एवं जिला अंतर्गत संचालित लोक सेवा केन्द्रों की निरंतर निगरानी एवं आर एफ पी अनुबंध के अनुसार संचालन के निर्देश है।

लोक सेवा केन्द्र ईसागढ में कम्यूरटर ऑपरेटर के पद पर दीपक परिहार कार्य कर रहा था। दीपक परिहार के द्वारा लोक सेवा केन्द्र ईसागढ पर आने वाले आवेदकों/हितग्राहियों से नियत शुल्क के अतिरिक्त अन्य धनराशि की मांग की जाती थी। जिसके कारण पूर्व में दीपक परिहार को चेतावनी भी दी गई थी। दीपक परिहार द्वारा अनाधिकृत धनराशि की मांग को बंद नहीं किया गया।

आयुक्त ग्वालियर संभाग ग्वालियर एवं कलेक्टर जिला अशोकनगर द्वारा लोक सेवा केन्द्र ईसागढ का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में आयुक्त ग्वालियर संभाग के समक्ष भी कुछ आवेदकों द्वारा नियत शुल्क से अधिक राशि की मांग की शिकायत की थी। आवेदक गजेन्द्र लोधी पुत्र दशरथसिंह लोधी निवासी गहोरा द्वारा भी अपने कथन में लेख कराया गया कि ऑपरेटर दीपक परिहार को 300 रूपये दिये गये थे, जिसकी कोई वैध पावती/रसीद प्रदान नहीं की गई थी तथा लोक सेवा केन्द्र ईसागढ में दस्तावेजों के रखरखाब/संधारण सहीं ढंग से न होना एवं हेराफेरी संबंधी अनेकों अनियमिततायें/कमियां पाई गई थी। इस प्रकार लोक सेवा केन्द्र ईसागढ में कार्यरत दीपक परिहार कम्यूटर ऑपरेटर के विरूद्व धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्व कर एफआईआर दर्ज की गई है।

**कारगिल विजय दिवस**

**श्री युगल सरकार स्वाध्याय सेवा समिति**

# भक्ति योग के साथ शहीदों को नमन करते हुए मनाया कारगिल विजय दिवस

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा शनिवार को अमर शहीद कुं. शशीन्द्रसिंह राणा की प्रतिमा पर पुष्प माला व श्रद्धा सुमन अर्पित के मां भारती के वीर सपूतों के चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए अमर शहीदों की शहादत को स्मरण करते हुए श्रीमद्भगवद्गीता के भक्तियोग का पाठ कर, भारत माता की जय व वन्दे मातरम् के नारे लगाकर कारगिल विजय दिवस मनाया। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर गीताव्रती रामबली यादव , राजेंद्रसिंह चमराई, नेपालसिंह ,हरिओमसिंह, शीलकुमार ,गणेशराम , रामवीरसिंह रघुवंशी, महेन्द्र गुरु, अशोक रघुवंशी,सीताराम डोंगर, गौरव जाट आदि श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।





**कारगिल विजय पर कार्यक्रम आयोजित**

**चंदेरी।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शासकीय माधव महाविद्यालय चन्देरी में परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान बताया गया कि साल 1999 में भारत ने पाकिस्तान को कारगिल में करारी शिकायत दी थी भारत मां के सपूतों के हौसले और बलिदान के समक्ष पाकिस्तान को घुटना टेकने पर मजबूर होना पड़ा। इस अवसर पर संचित राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कारगिल युद्ध में 527 सैनिक शहीद हुए थे 1300 से अधिक घायल हुए थे भारतीय सुरक्षा बलों की इस कार्यवाही को ऑपरेशन विजय के तहत अंजाम दिया गया ऐसी तारतम्य मे डा र अर्पित तिवारी ने कहा हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है इस साल भारत अपना 26वा कारगिल विजय दिवस मना रहा है यह दिन भारतीय सैनिकों के बलिदान साहस देशभक्ति को याद दिलाता है।



### कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की प्राइवेट प्रेक्टिस करने पर हुई कार्यवाही

**अशोकनगर।** विकासखण्ड मुंगावली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहराई स्थित आयुष्मान आरोग्य केन्द्र पठारी के कम्यूनिटी हेल्थ ऑफीसर सचिन कुमार जैन को ग्राम सेहराई के अर्णव क्लीनिक पर कार्यालयीन समय पर प्राईवेट प्रेक्टिस करते हुए पाया गया। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी मुंगावली के सहयोग से तहसीलदार एवं पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग की मौजूदगी में क्लीनिक को सील कराया गया। साथ ही संबंधित चिकित्सक की सेवा समाप्ति हेतु मिशन संचालक राष्ट्रीय मिशन मध्यप्रदेश भोपाल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन भेजा गया।